**योग दिवस** | मैकल पार्क एवं मां नर्मदा के तट पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित

# योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए : जायसवाल

**अनूपपुर, नवभारत 21 जून।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक के मैकल पार्क एवं मां नर्मदा के पावन तट पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी आदि उपस्थित रहे।





### योग शरीर को स्वस्थ रखता है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाती है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलती जीवनशैली के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे समय में योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी संतुलित और सकारात्मक बनाता है।

### पीएम के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण आज योग को वैश्विक पहचान प्राप्त हुई है और विश्व के अधिकांश देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग ने भारत की सांस्कृतिक पहचान को पूरी दुनिया में नई प्रतिष्ठा दिलाई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

### सामूहिक योगाभ्यास किया गया

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षक नयन मिश्रा एवं उर्मिला दयादत के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को योग के वैज्ञानिक महत्व तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

### योग पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि अमरकंटक में योग पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि यहां नियमित रूप से योग, ध्यान और आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए तो यह क्षेत्र देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि अमरकंटक को मध्यप्रदेश के एक बड़े और प्रतिष्ठित योग केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयास करेगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार के भव्य आयोजन किए जाते रहेंगे।



# सड़क पर बिखरी निर्माण सामग्री से थमी शवयात्रा

**ठेकेदार की मनमानी से वार्डवासी परेशानी**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जून।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक-1 में निर्माणाधीन एक भवन के लिए सार्वजनिक सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाए जाने से रविवार को आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब वार्ड क्रमांक-6 की एक दिवंगत महिला की शवयात्रा को मुक्तिधाम ले जाने के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर फैली निर्माण सामग्री के बीच से होकर शवयात्रा को किसी तरह आगे बढ़ाया गया।

### अनुमति के बिना कराया जा रहा भवन निर्माण : पार्षद

वार्ड क्रमांक-6 के पार्षद गणेश रौतेल ने आरोप लगाया कि संबंधित भवन का निर्माण आवश्यक अनुमति के बिना कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री को सार्वजनिक मार्ग पर इस प्रकार डाल दिया गया कि आम नागरिकों के साथ-साथ अंतिम यात्रा में शामिल लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया।

### भवन स्वामी की हठधर्मिता से हो रही लोगों को परेशानी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार की मनमानी, भवन स्वामी की हठधर्मिता और नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण वार्ड क्रमांक-1 एवं 6 के रहवासियों को पूरे दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि निर्माण कार्य के लिए वैध अनुमति नहीं ली गई है, तो संबंधित विभाग द्वारा समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

# मजदूरों के अधिकारों से नहीं होने देंगे खिलवाड़

**जेबीसीसीआई-12 गठन में देरी पर भड़के एटक नेता हरिद्वार सिंह**

**जमुना कोतमा नवभारत 21 जून।** कोयला उद्योग में जेबीसीसीआई-12 के गठन में लगातार हो रही देरी को लेकर मजदूर संगठनों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। एटक के प्रख्यात मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोयला श्रमिकों के वेतन समझौते और भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना मजदूर हितों की उपेक्षा है।



उन्होंने कहा कि जेबीसीसीआई-11 की अवधि समाप्त होने के बावजूद अब तक जेबीसीसीआई-12 का गठन नहीं किया जाना कोल इंडिया प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। इसका सीधा असर लाखों कोयला कर्मचारियों एवं उनके परिवारों पर पड़ रहा है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

हरिद्वार सिंह ने कहा कि कोयला मजदूरों ने देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उनके अधिकारों और सम्मान की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही जेबीसीसीआई-12 का गठन कर वेतन समझौते की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो मजदूर संगठन चरणबद्ध एवं व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### पौधरोपण कर पत्रकार भगवान दास ने मनाया जन्मदिवस

**पसान/कोतमा 21 जून।** जमुना-कोतमा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार भगवान दास मिश्रा ने अपना जन्मदिवस सामाजिक सरोकारों के साथ मनाते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान परिसर में फलदार वृक्ष का पौधा रोपित किया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए। श्री मिश्रा ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से अपने जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को ऑक्सीजन का महत्व समझाया है। पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन नि:शुल्क प्रदान करते हैं। यदि आज हम वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन नहीं करेंगे तो आने वाले समय में मानव जीवन के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घर, आंगन एवं आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की।

# प्रयोगशाला की वायरल तस्वीर से मचा बवाल

**शिक्षा के मंदिर में उठे गंभीर सवाल, सैकड़ों छात्रों ने किया प्रदर्शन**

**पुष्पराजगढ़, नवभारत 21 जून।** जिले के पुष्पराजगढ़ मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय इन दिनों एक वायरल तस्वीर को लेकर सुर्खियों में है। महाविद्यालय की रसायन विज्ञान प्रयोगशाला से जुड़ी बताई जा रही एक तस्वीर के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिसर में छात्रों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है।

छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए संबंधित शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र सतनामी के विरुद्ध निष्पक्ष जांच एवं तत्काल निलंबन की मांग उठाई है। प्रदर्शन के दूसरे दिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं।



### शिक्षक और छात्र के रिश्ते पर गंभीर सवाल

छात्रों का कहना है कि वायरल तस्वीर ने शिक्षक और छात्र के बीच विश्वास के रिश्ते पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। उनका आरोप है कि मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित शिक्षक को जांच अवधि तक पद से अलग किया जाना चाहिए। छात्रों के अनुसार सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीर महाविद्यालय की रसायन विज्ञान प्रयोगशाला की है। तस्वीर सामने आने के बाद पूरे परिसर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। छात्र संगठनों और विद्यार्थियों का कहना है कि मामले की तकनीकी एवं प्रशासनिक जांच कराकर वास्तविकता सार्वजनिक की जानी चाहिए।

### इनका कहना है

मामले की जांच की जा रही है। यदि प्रथम दृष्टया दिखाई दे रही स्थिति वास्तविक पाई जाती है तो यह अत्यंत गंभीर एवं शर्मनाक विषय होगा। छात्रों द्वारा दिए गए आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**डॉ. आरके मरावी**
**प्रभारी प्राचार्य**
**शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़**

### एक नजर में



### अवैध रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वेंकटनगर चौकी एवं बिजुरी थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं तथा आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वेंकटनगर चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भेलमा स्थित गूजर नाला से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर बिक्री के लिए ग्राम लपटा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम मुण्डा-लपटा मार्ग पर घेराबंदी कर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 जेडसी 7738 को रोका। जांच में ट्रॉली में लगभग 2 घन मीटर रेत लोड पाई गई। चालक ने अपना नाम आशीष राठौर बताया। पूछताछ के दौरान वह रेत परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बिजुरी पुलिस ने भी अवैध रेत परिवहन की सूचना पर ग्राम मझौली के मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान एक रेत से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया। पुलिस की घेराबंदी देखकर चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया।



### एनसीसी ट्रैक शिविर में 510 कैडेट्स ले रहे प्रशिक्षण


**अमरकंटक, नवभारत।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का ट्रैक शिविर उत्साह और अनुशासन के साथ प्रारंभ हो गया है। 26 जून तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के छह ग्रुप मुख्यालयों से आए 510 कैडेट्स तथा 15 एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स (एएनओ) भाग ले रहे हैं। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के निर्देशन एवं कैंप कमांडेंट कर्नल दिनेश जायसवाल के मार्गदर्शन में संचालित इस शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कैंप कमांडेंट कर्नल दिनेश जायसवाल ने बताया कि ट्रैकिंग केवल शारीरिक क्षमता विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, टीम भावना, धैर्य तथा विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत बनाती है।

# भालूमाड़ा की बेटी आकृति मिश्रा ने बढ़ाया गौरव

**वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की विजेता बनी, श्रीलंका यात्रा पर रवाना**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जून।** जिले के भालूमाड़ा क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी आकृति मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

जबलपुर में आयोजित चौथा वर्ल्डा रामायण कांफ्रेंस के अंतर्गत आयोजित मायरा ऑनलाइन प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागियों के बीच शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने विजेताओं की सूची में स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के फलस्वरूप आकृति मिश्रा का चयन 17 से 22 जून तक आयोजित छह दिवसीय श्रीलंका सांस्कृतिक एवं रामायण अध्ययन यात्रा के लिए किया गया है।



### पांच प्रतिभागियों में आकृति का चयन

प्रतियोगिता में देशभर से केवल पांच प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिनमें अनूपपुर जिले की आकृति मिश्रा भी शामिल हैं। आकृति मिश्रा भालूमाड़ा के वार्ड क्रमांक 17 हालो ब्लॉक निवासी जानकी शरण मिश्रा एवं प्रतिमा मिश्रा की सुपुत्री हैं। उनके माता-पिता शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित शिक्षक हैं।

### धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगी

वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष यात्रा के दौरान युवा रामायण एम्बेसडरों का दल श्रीलंका में रामायण काल से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं रामायण के वैश्विक संदेश को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है।



# सकारात्मक ऊर्जा का भी स्रोत है योग : विश्नोई

**राजनगर नवभारत 21 जून।** हसदेव क्षेत्र के वसुंधरा क्लब परिसर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई एवं डॉ. सरोज बिश्नोई, अध्यक्षा जागृति महिला समिति द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में हसदेव क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक विनीता एवं अभिषेक द्वारा किया गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग को स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार बताया।

### करें योग, रहे निरोग

प्रशिक्षकों ने उपस्थितजनों को 'करें योग, रहे निरोग' का संदेश देते हुए दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने सभी से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया।

# स्नेहा ने योग के क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

**खेलो एमपी गेम्स में किया था शानदार प्रदर्शन**

**अनूपपुर, नवभारत 21 जून।** आज के समय में जहां अधिकांश युवा अपना खाली समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर बिताते हैं, वहीं जिले की कोतमा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रेऊदां की रहने वाली स्नेहा सोनी ने योग को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाकर एक अलग पहचान बनाई है।

नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के बल पर स्नेहा ने कम उम्र में ही योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्नेहा बताती हैं कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली एक कला है। पिछले कई वर्षों से वे प्रतिदिन योगाभ्यास कर रही हैं।

### योग स्पर्धा में जिले का नाम किया रोशन

योग के प्रति उनकी लगन और मेहनत का परिणाम यह रहा कि वर्ष 2026 में उन्होंने खेलो एमपी के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। यह उपलब्धि उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### जबलपुर मेनोपॉज समिति द्वारा योग शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर जबलपुर मेनोपॉज सोसायटी की अध्यक्ष डॉ चित्रा जैन , सचिव डॉ सोना रिछारिया द्वारा आईएमए हॉल में एक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर स्त्री रोग संघ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जबलपुर, महिला डॉक्टर्स विंग, आईएमए एएमएस, क्लब 35 प्लस और विभिन्न संस्थाएं सम्मिलित हुईं ।

**उदासीनता** | आबकारी एवं पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

# ढाबों में सज रही अवैध शराब की महफिल



**कोतमा, नवभारत 21 जून।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी एवं पुलिस विभाग की कथित उदासीनता के चलते अवैध शराब का कारोबार तेजी से पैर पसार रहा है। आलम यह है कि मुख्य मार्ग से लेकर अंदरूनी इलाकों में संचालित कई ढाबों पर बिना किसी डर के अवैध रूप से शराब परोसी और बेची जा रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता

स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोतमा नगर के कुछ चिन्हित ढाबों में न केवल अवैध रूप से शराब उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि वहां बाकायदा पीने की व्यवस्था भी दी जा रही है। देर शाम होते ही इन ढाबों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है, जो देर रात तक चलता है इसके कारण मुख्य मार्गों से गुजरने वाली महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे है।

### आबकारी विभाग मौन

क्षेत्रीय जनता का आरोप है कि इस पूरी अवैध गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है विभाग द्वारा इन ढाबों पर कोई ठोस या औचक कार्रवाई नहीं किए जाने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### बढ़ रहा है आक्रोश

ढाबों पर चल रहे इस अवैध मधुशाला के खेल से स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश है सजग नागरिकों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि कोतमा नगर के संदिग्ध ढाबों पर तत्काल छापामार कार्रवाई की जाए और अवैध रूप से शराब बेचने व पिलाने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्र का माहौल खराब होने से बचाया जा सके।

**कार्यालय वार्डन, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक / चौकीदार/2026/ | **विज्ञापन /सूचना** | जैतहरी, दिनांक 15/06/2026

**कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (सेकेंडरी एजुकेशन) जैतहरी में चौकीदार (मानदेय आधारित) हेतु आवेदन आमंत्रित**

सूचित किया जाता है कि समग्र शिक्षा अभियान, मध्यप्रदेश द्वारा जारी संचालन निर्देश के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (सेकेंडरी एजुकेशन) में छात्रावास संचालन हेतु चौकीदार (मानदेय आधारित अस्थायी सेवा) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

| | |
|---|---|
| पद का नाम :- | चौकीदार (मानदेय आधारित) |
| पदों की संख्या :- | 01 (एक) |
| कार्य का स्वरूप :- | छात्रावास परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी, छात्रावास संपत्ति की सुरक्षा रात्रिकालीन डियूटी एवं आवश्यकतानुसार अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य, छात्रावास प्रशासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन। |
| पात्रता :- | 1. आवेदक मध्यप्रदेश का निवासी हो। 2. शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो। 3. किसी आपराधिक प्रकरण में दोषसिद्ध न हो। 4. सुरक्षा कार्य का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। 5. प्रथम प्राथमिकता महिला चौकीदार को दी जाएगी। 6. विधुर / परित्याकता महिला को प्राथमिकता। 7. महिला अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में 55 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी पुरुष अभ्यर्थी पर विचार किया जाएगा। |
| आवश्यक दस्तावेज :- | आवेदन पत्र, आधार कार्ड की प्रति . निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो), चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो |
| चयन प्रक्रिया :- | प्राप्त आवेदनों का परीक्षण विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा किया जाएगा। आवश्यकतानुसार साक्षात्कार / दस्तावेज सत्यापन आयोजित किया जाएगा। समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। मानदेय समग्र शिक्षा अभियान द्वारा निर्धारित मानदेय नियमों के अनुसार देय होगा। महत्वपूर्ण सूचना-यह पूर्णत: अस्थायी एवं मानदेय आधारित सेवा होगी। यह कोई शासकीय नियुक्ति नहीं है। चयनित व्यक्ति की सेवाएं संतोषजनक पाए जाने पर आगामी सत्र में पुन: ली जा सकती हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति को किसी भी आवेदन को स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा |

आवेदन की अंतिम तिथि :- 25 जून 2026 समय सायं 05 बजे तक।

आवेदन जमा करने का स्थान कार्यालय अधीक्षक कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (सेकेंडरी एजुकेशन) जैतहरी, विकासखंड जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) समस्त आवेदक प्राचार्य महोदय, शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. जैतहरी से रिमार्क करवाकर लावें जो स्वीकार किया जावेगा।

**अध्यक्ष/सचिव**
**कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास जैतहरी**
**वि.ख. जैतहरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र)**